भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4397

जिसका उत्तर 19.03.2026 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़-भाड़ कम करना

†4397. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश भर में, राज्य-वार विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों की पहचान करने के लिए कोई अध्ययन/सर्वेक्षण कराया है जहां यातायात का भारी जाम लगता है;

(ख) यदि हां, तो देश भर में राज्य-वार और विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में चल रही अवसंरचना परियोजनाओं सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़-भाड़ को कम करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश से होकर गुजरने वाले राजमार्गों पर भीड़-भाड़ कम करने के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) आन्ध्र प्रदेश से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रस्तावित और निर्माणाधीन और वर्तमान में चल रहे रिंग रोड और एलिवेटेड कॉरिडोर का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या आन्ध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़-भाड़ कम करने की किसी परियोजना में पांच वर्ष से ज़्यादा का विलम्ब हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस विलम्ब के क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) आंध्र प्रदेश राज्य सहित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। सरकार ने कुशल लॉजिस्टिक्स के लिए पहुंच नियंत्रित हाई स्पीड गलियारें(एचएससी)/एक्सप्रेसवे और रिंग रोड/बाईपास की आवश्यकता के लिए अध्ययन किया है। तदनुसार, सरकार ने पांच लाख से अधिक आबादी वाले 83 शहरों में उच्च घनत्व वाले मालढुलाई मार्गों और रिंग रोड/ बाईपास के साथ लगभग 19,000 किलोमीटर के पहुंच नियंत्रित एचएससी/एक्सप्रेसवे के विकास को प्राथमिकता दी है।

विकास के लिए प्राथमिकता वाले राष्ट्रीय एचएससी/एक्सप्रेसवे और रिंग रोड/बाईपास का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) -वार विवरण अनुलग्नक- I में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात की भीड़ को कम करने के लिए, सरकार ने एनएच-5 (ओंगोल बाईपास सहित) के छह लेन चिलाकलुरिपेट - नेल्लोर खंड, एनएच-16 के नेल्लोर बाईपास खंड और एनएच 67 पर चार लेन फ्लाईओवर (मुथुकुर रोड जंक्शन पर) का निर्माण पहले ही पूरा कर लिया है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले से गुजरने वाली 170 किलोमीटर लंबाई की 4,152 करोड़ रूपये की लागत वाली 6 एनएच परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

(ग) आंध्र प्रदेश राज्य सहित पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एनएच के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और व्यय का विवरण, जिसमें यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के लिए एनएच की क्षमता वृद्धि और रिंग रोड/बाईपास/एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण शामिल है, अनुलग्नक- II में दिया गया है।

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य में सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख रिंग रोड/बाईपास/एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है: -

लंबाई (किलोमीटर में)		
स्वीकृत परंतु सौंपी नहीं गयी	निर्माणाधीन	पूर्ण
36	196	747

इसके अलावा आंध्र प्रदेश में 226 किलोमीटर की रिंग रोड / बाईपास / एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाओं के विकास की भी योजना है।

(ङ) आंध्र प्रदेश राज्य में ₹ 1,044 करोड़ की लागत वाली 94 किमी लंबाई की निर्माणाधीन एनएच परियोजनाओं में मूल पूर्णता समय-सीमा से पांच साल से अधिक समय से देरी हो रही है। एनएच परियोजनाओं में देरी के प्राथमिक कारण भूमि अधिग्रहण, रेलवे मंजूरी, डिजाइन मुद्दे, कार्यक्षेत्र में परिवर्तन, ठेकेदार की कार्यान्वयन क्षमता को प्रभावित करने वाली वित्तीय संकट आदि से संबंधित मुद्दे/बाधाएं हैं।

अनुलग्नक-I

राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़-भाड़ कम करना के संबंध में श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा दिनांक 19.03.2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4397 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर चुने गए राष्ट्रीय एचएससी/एक्सप्रेसवे और रिंग रोड/बाईपास का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण: -

क्र. सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	प्राथमिकता प्राप्त राष्ट्रीय एचएससी/एक्सप्रेसवे की लंबाई (किमी में)	5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले उन शहरों की संख्या जिन्हें रिंग रोड/बाईपास के विकास के लिए प्राथमिकता दी गई है
1	आंध्र प्रदेश	2452	3
2	असम	701	1
3	बिहार	2377	2
4	चंडीगढ़	0	1
5	छत्तीसगढ	805	2
6	दिल्ली	126	1
7	गुजरात	1200	6
8	हरियाणा	810	0
9	हिमाचल प्रदेश	124	0
10	जम्मू और कश्मीर	365	2
11	झारखंड	375	3
12	कर्नाटक	818	6
13	केरल	295	3
14	मध्य प्रदेश	1006	5
15	महाराष्ट्र	872	12
16	ओडिशा	631	1
17	पंजाब	978	3
18	राजस्थान	1458	6
19	तमिलनाडु	190	6
20	तेलंगाना	1124	2
21	उत्तर प्रदेश	1383	13
22	उत्तराखंड	98	1
23	पश्चिम बंगाल	740	4

अनुलग्नक-II

राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़-भाड़ कम करना के संबंध में श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा दिनांक 19.03.2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4397 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एनएच के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और व्यय का विवरण, जिसमें रिंग रोड, बाईपास, एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण और यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के लिए एनएच की क्षमता में वृद्धि शामिल है, जिसमें आंध्र प्रदेश राज्य भी शामिल है: -

राशि करोड़ रूपये में

क्र.स.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2022-23		2023-24		2024-25		2025-26 (31.01.2026 तक)	
		आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1	आंध्र प्रदेश	6,957	6,957	11,440	11,440	11,777	11,756	10,690	9,824
2	अरुणाचल प्रदेश	3,140	3,140	2,649	2,649	3,972	3,599	3,421	2,570
3	असम	4,557	4,557	9,137	9,137	7,209	7,207	4,624	4,415
4	बिहार	9,347	9,347	10,749	10,749	8,840	8,840	7,543	7,077
5	छत्तीसगढ	2,468	2,468	4,255	4,255	2,392	2,280	3,155	2,874
6	गोवा	673	673	620	620	851	651	730	439
7	गुजरात	9,831	9,831	10,900	10,900	8,262	8,091	7,021	6,550
8	हरियाणा	3,924	3,924	6,062	6,062	4,391	4,344	2,419	2,404
9	हिमाचल प्रदेश	4,534	4,534	5,175	5,175	3,998	3,994	2,947	2,799
10	झारखंड	3,127	3,127	4,599	4,599	5,334	5,169	3,420	3,170
11	कर्नाटक	6,763	6,763	12,695	12,695	11,147	10,819	9,393	8,751
12	केरल	3,994	3,994	10,419	10,419	5,100	5,082	3,127	3,080
13	मध्य प्रदेश	6,210	6,210	7,447	7,447	7,819	7,799	8,848	8,211
14	महाराष्ट्र	18,355	18,355	19,867	19,867	18,697	18,512	16,521	14,978
15	मणिपुर	2,737	2,737	2,598	2,598	2,018	2,011	1,304	934
16	मेघालय	684	684	1,803	1,803	1,835	1,697	1,163	962
17	मिजोरम	3,218	3,218	2,189	2,189	2,114	2,091	1,059	1,046
18	नागालैंड	1,666	1,666	1,414	1,414	1,681	1,600	1,018	857
19	ओडिशा	4,643	4,643	5,948	5,948	6,121	5,786	4,969	4,444
20	पंजाब	10,093	10,093	12,419	12,419	8,137	7,898	5,843	5,745
21	राजस्थान	9,719	9,719	8,874	8,874	6,330	6,301	4,161	3,738
22	सिक्किम	1,008	1,008	684	684	473	441	364	284
23	तमिलनाडु	8,230	8,230	9,925	9,925	9,077	9,068	7,205	6,608
24	तेलंगाना	3,622	3,622	6,117	6,117	7,564	7,496	5,644	4,921
25	त्रिपुरा	1,156	1,156	1,546	1,546	778	767	585	582
26	उत्तर प्रदेश	21,453	21,453	28,114	28,114	20,682	20,665	21,210	19,38

									राशि करोड़ रूपये में
क्र.स.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2022-23		2023-24		2024-25		2025-26 (31.01.2026 तक)	
		आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
									0
27	उत्तराखंड	3,219	3,219	4,545	4,545	3,996	3,835	3,018	2,834
28	पश्चिम बंगाल	3,053	3,053	3,543	3,543	2,241	2,240	4,118	3,731
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	143	143	96	96	204	204	138	138
30	चंडीगढ़	1	1	0	0	0	0	1	0
31	दादरा और नगर हवेली	26	26	2	2	100	46	180	54
32	दमन और दीव								
33	दिल्ली / मुख्यालय	7,164	7,164	3,223	3,223	2,840	2,840	925	923
34	जम्मू और कश्मीर	7,370	7,370	10,528	10,528	10,331	10,204	6,436	6,203
35	लद्दाख	574	574	658	658	794	768	323	309
36	पुदुचेरी	61	61	35	35	29	23	7	0

आवंटन - आवंटन; व्यय - व्यय

*****